शासकीय मानकुँवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

MA. II Semester Open Book (ATKT/EX.) Examination, 2020

M/OB/02/20

हिन्दी साहित्य

Paper - I

प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य तथा उनका इतिहास

Maximum Marks : 40

नोट – सभी प्रश्न हल करें। अंकों का विभाजन प्रश्नों के साथ दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द सीमा 250–300 शब्द है।

Attempt all questions. Distribution of marks is given against each Question. Word limit for each Answer is 250-300 words.

प्रश्न 1. 'भ्रमरगीत सार' के पठित पदों के आधार पर सिद्ध कीजिए कि सूर के भ्रमरगीत में ज्ञानमार्ग पर प्रेम और भक्ति की विजय दिखाई है। (08)

प्रश्न 2. महाकवि बिहारी के भाव पक्ष एवं शिल्प पक्ष की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। (08)

प्रश्न 3. भक्तिकाल की सगुण भक्ति धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों को विस्तार से लिखिए। (08)

प्रश्न 4. 'घनानंद का संपूर्ण काव्य विरह की घनीभूत व्यंजना से ओतप्रोत है।' इस कथन के आधार पर घनानंद के काव्य में निहित विरह वेदना का वर्णन कीजिए। (08)

प्रश्न 5. रीतिकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। (08)

M/OB/382/20

हिन्दी साहित्य

Paper - II

आधुनिक हिन्दी गद्य और उसका इतिहास

Maximum Marks : 40

प्रश्न 1. संदर्भ सहित व्याख्या करिये – (08)

'भावों की छानबीन करने पर मंगल का विधान करने वाले दो भाव ठहरते हैं– करुणा और प्रेम। करुणा की गति रक्षा की ओर होती है, और प्रेम की रंजन की ओर। लोक में प्रथम साक्ष्य रक्षा है। रंजन का अवसर उसके पीछे आता है। अतः साघनावस्था या प्रयत्न पक्ष को लेकर चलने वाले काव्यों का बीज–भाव करुणा ही ठहरती है।'

प्रश्न 2. संदर्भ सहित व्याख्या करिये– (08)

'कर चुके दूसरा उपाय! जरा सुनूं तो कौन उपाय करोगे? कोई खैरात दे देगा कम्बल? न जाने कितना बाकी है। जो किसी तरह चुकने में ही नहीं आती। मैं तो कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते? मर–मर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आए।'

प्रश्न 3. संस्मरण एवं यात्रावृत्तान्त विद्या के उद्भव एवं विकास पर विस्तृत प्रकाश डालिए। (08)

प्रश्न 4. मुंशी प्रेमचंद की कहानी कला की विशेषताएँ लिखिए। (08)

प्रश्न 5. 'अपना अपना भाग्य' कहानी के वातावरण को समझाइए। (08)

M/OB/32/20

हिन्दी साहित्य

Paper - III

पाश्चात्य काव्य शास्त्र

Maximum Marks : 40

प्रश्न 1. अनुकरण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। (08)

प्रश्न 2. कॉलरिज के कल्पना सिद्धान्त की मीमांसा कीजिए। (08)

प्रश्न 3. मैथ्यू आर्नल्ड के आलोचना सिद्धान्त को समझाइए। (08)

प्रश्न 4. स्वच्छंदतावाद को विस्तार से समझाइए। (08)

प्रश्न 5. आधुनिकतावाद के आशय को स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (08)

***